प्रेस नोट-थाना निगोही

जनपद शाहजहाँपुर

प्रेस नोट- दिनांक 10.01.2025

थाना निगोही पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, 01 नफर अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल व मोटरसाइकिल के फर्जी दस्तावेज सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अन्य व्यक्ति की मोटरसाइकिल की आरसी भी बरामद की गयी।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार ,श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सरद के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही एवं अपराध की रोकथाम के क्रम में थाना निगोही पुलिस टीम को बडी कामयाबी हासिल हुई।

दिनांक 10.01.25 को थाना निगोही पुलिस टीम वास्ते देखभाल क्षेत्र, शान्ति व्यवस्था, रोकथाम जुर्म जरायम व गस्त, तलाश वाछिंत/वारण्ट, क्षेत्र गस्त व चैकिंग सदिग्ध व्यक्ति व वाहन मे पुवायां रोड पर ग्राम पलिया में मामूर थे। वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति दूर से ही अपनी मोटरसाइकिल वापस घुमाकर जाने लगा। वाहन चेकिंग में लगी पुलिस टीम को शक होने पर उन्होंने पलिया फार्म जाने वाले रास्ते पर घेर-घोट कर उक्त मोटरसाइकिल चालक को पकड़ लिया। जिसने पूछताछ में अपना नाम जीशान पुत्र यासीन निवासी मो0 बगीचा कस्बा व थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर बताया। जिसकी जामा तलाशी से एक अदद आरसी प्राप्त हुयी तथा मोटरसाइकिल के बारे में पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। अभियुक्त के कब्जे से प्राप्त आरसी के रजि0नं0 को ई चालान एप पर डालकर चेक किया गया तो तो वाहन स्वामी संजय सिंह पुत्र महेश पाल सिंह निवासी मरेना,कांट शाहजहांपुर, चैसिस नं 9011F787614,इंजन नं 9011MB840722 तथा कम्पनी TVS MOTOR COMPANY LTD माडल SUZUKI MAX 100R रंग ग्रीन प्रदर्शित कर रहा था। जबकि बरामद आर0सी0 पर अंकित उपरोक्त रजिस्ट्रेशन नम्बर पर चैसिस नं 00A19F11531 इंजन नं0 00A17E12287 वाहन स्वामी राजीव कुमार गुप्ता पुत्र संत कुमार गुप्ता निवासी कटरा शाहजहांपुर कम्पनी H.H. SPL. M/C,माडल SPLENDOR रंग ब्लैक व हस्तान्तरित वाहन स्वामी वीरेन्द्र कुमार वाजपेई पुत्र राम निवास वाजपेई निवासी तिलहर दिनांक 11/7/06 अंकित था जो कि रजिस्ट्रेशन नम्बर पर प्रदर्शित हो रहे वाहन स्वामी तथा आर0सी पर अंकित वाहन स्वामी से मेल नहीं खा रहा था तथा ना ही इंजन नम्बर व चेसिस नम्बर मेल खा रहा था जो कि कूटरचना की गयी थी तथा बरामद मोटरसाइकिल को चेक किया गया तो उस पर नम्बर प्लेट UP27C8521 अंकित होना पाया गया तथा गाड़ी का माडल हीरो स्पलेण्डर लिखा है गाड़ी पर चेसिस नं 00A19F11531 व इंजन नम्बर 04E27E14344 अंकित होना पाया गया उक्त बरामद मोटरसाइकिल पर अंकित चेसिस नं 00A19F11531 को ई0चालान एप पर चेक किया गया तो उक्त वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर UP32AC8521 चेसिस नम्बर 00A19F11531 इंजन नम्बर 00A17E12287 कम्पनी का नाम HERO HONDA MOTORS LTD माडल SPLENDOR वाहन स्वामी RAZI AHMAD पुत्र NABI AHMAD ADDRESS 86/10 KURMI TOLA MAQBOOLGANJ LUCKNOW प्रदर्शित कर रहा था बरामद मोटरसाइकिल पर प्रदर्शित इंजन नम्बर तथा चेसिस नम्बर बरामद आर0 सी0 से मेल खा रहा था परन्तु वाहन स्वामी तथा रजिस्ट्रेशन नम्बर मेल नही खा रहा था व भिन्न था तथा मोटरसाइकिल पर लगी नम्बर प्लेट UP27C8521 बरामद आरसी के रजिस्ट्रेशन नम्बर से मेल खा रही थी व वाहन स्वामी ,इंजन नम्बर तथा चेसिस नम्बर मेल नहीं खा रहा था। जो कि धोखाधड़ी करके नम्बर प्लेट लगायी गयी थी व आरसी कूटरचना करके तैयार की गयी थी तथा उक्त मोटरसाइकिल चोरी की प्रतीत हो रही थी। आरसी व मोटरसाइकिल के बारे में पकड़े गये व्यक्ति से पूछा गया तो गलती की माफी मांगने लगा। मौके पर फर्द तैयार की गयी तथा थाना हाजा पर मु0अ0सं0 17/2025 धारा 317(2)/318(4) /338 /336(3)/340(2) बीएनएस बनाम जीशान पंजीकृत किया। अभियुक्त जीशान उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया तथा मुकदमा उपरोक्त में विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता व आपराधित इतिहास

1. जीशान पुत्र यासीन उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मो0 बगीचा कस्बा व थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर

अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत मुकदमां-:

1. मु0अ0सं0 17/2025 धारा 317(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह चौहान
2. उ0नि0 लोकेश कुमार
3. उ0नि0 मोहित कुमार
4. का0 2171 परीक्षित तेवतिया